Dainik Bhaskar, Page-2

Surat, 22/08/2024

मेट्रो रेल प्रोजेक्टः पिलर तैयार कर लिए गए

मजूरा गेट में बनने लगा इंटरचेंज, यहां लाइन-1-2 की मेट्रो ट्रेन पकड़ सकेंगे यात्री

सूरत | मेट्रो लाइन-1 का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। इसके तहत मजूरा गेट में लाइन-1 और लाइन-2 का इंटरचेंज सेक्शन बनाने के लिए पिलर खड़े कर लिए गए हैं। इससे इंटरचेंज पॉइंट नजर आने लगा है। पिलर तैयार हो जाने के बाद गर्डर लॉन्च किए जाएंगे। मजूरा गेट मेट्रो रेल स्टेशन भी बन रहा है। यह लाइन-1 का ऐसा सेक्शन है जहां लाइन-2 यानी सारोली-भेसान लाइन का इंटरचेंज होगा। सूरत मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि यहां मेट्रो के सबसे ऊंचे 9 पिलर बने हैं। इनकी ऊंचाई 18-18 मीटर है। बता दें कि मेट्रो लाइन-2 में सारोली-भेसान के बीच वायाडक्ट की लॉन्चिंग शुरू है। यह 19 किमी लंबा कॉरिडोर है। इसका पहला सेक्शन भेसान-अडाजण-मजूरा गेट रूट 10 किमी और दूसरा सेक्शन मजूरा गेट-सारोली के बीच 9 किमी लंबा है।